चित्र भारती राष्ट्रीय लघु फिल्म उत्सव-2022 मोबाइल एप

चर्चा में क्यों?

19 दिसंबर, 2021 को मध्य प्रदेश शासन के चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने भारतीय चित्र साधना के प्रतिष्ठित ‘चित्र भारती राष्ट्रीय लघु फिल्मोत्सव-2022 (सीबीएफएफ-2022)’ के एप का लोकार्पण किया।

प्रमुख बिदु

- मंत्री सारंग ने कहा कि सिनेमा, समाज को सिर्फ उसकी स्थिति ही नहीं बताता है बल्कि समाज को कैसा होना चाहिये, यह भी बताता है। समाज को दिशा देना ही सिनेमा की सार्थकता है। उन्होंने कहा कि फिल्मों से जुड़े व्यक्ति को यह विचार करना चाहिये कि उसका व्यक्तित्व ऐसा हो जो युवा पीढ़ी को सही मार्ग पर लेकर जाए, क्योंकि युवा फिल्म कलाकारों से प्रेरणा लेते हैं।
- चित्र भारती का यह एप निःशुल्क डाउनलोड किया जा सकता है। एप एंड्राइड और आईओएस ऑपरेटिंग सिस्टम वाले मोबाइल फोन पर उपयोग किया जा सकेगा। इस एप पर फिल्म फेस्टिवल की संपूर्ण जानकारी रहेगी।
- इस एप से प्रतिभागी मास्टर क्लास, फिल्मों की स्क्रीनिंग, कार्यक्रम स्थलों, आने वाली फिल्म, अभिनेताओं, कलाकारों और विषय-विशेषज्ञों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही एप पर पंजीयन कर फिल्म फेस्टिवल के वॉलेंटियर बन सकते हैं। प्रतिभागी विभिन्न कार्यक्रमों के संबंध में अपना फीडबैक भी दे सकते हैं और फेस्टिवल के संबंध में अपनी स्टोरी शेयर कर सकते हैं।
- भारतीय चित्र साधना के महासचिव अतुल गंगवार ने बताया कि 18 से 20 फरवरी, 2022 को भोपाल में होने जा रहे इस लघु फिल्म उत्सव के लिये देशभर से 600 से अधिक शार्ट फिल्में प्राप्त हो चुकी हैं। चित्र भारती के माध्यम से फिल्म के क्षेत्र में नई ऊर्जा के साथ युवाओं को लाने का प्रयास किया जा रहा है। इस फिल्मोत्सव में देश के बड़े फिल्म कलाकारों एवं फिल्म निर्माताओं से मिलने का अवसर मिलेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chitra-bharati-national-short-film-festival-2022-mobile-app